**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 08.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में शहर क्षेत्र में यातायात माह के अन्तर्गत वाहनों की चेकिंग कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक।**

**विवरण**- आज दिनांक 08.11.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात माह जागरुकता अभियान के अंतर्गत सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान यातायात पुलिस टीम द्वारा दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा लोगों को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया। चेकिंग के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चारपहिया वाहन चालकों सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने एवं वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने के संबंध में समझाया गया व बताया कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानून की दृष्टि से आवश्यक है बल्कि यह जीवन की सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है इसलिए इसका पालन हम सभी को शत-प्रतिशत करनी चाहिए। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी यातायात ने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता दें एवं दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि यातायात माह के दौरान जनपद में लगातार जागरूकता कार्यक्रम, रैली एवं वाहन चेकिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।